मेट्रो-3 कॉरिडोर के लिए अतिरिक्त लोन को सरकार से मिली मंजूरी

■ **वसं, मुंबई :** मेट्रो-3 कॉरिडोर का निर्माण का ख़र्च बढ़ कर 37,276 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। ख़र्च की राशि बढ़ने पर मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) को जापानी वित्तीय संस्थान जायका से 21 हजार 280 करोड़ रुपये का खर्च लेना पड़ेगा। मुंबई की पहली अंडर ग्राउंड मेट्रो के लिए जायका की तरफ से अब तक करीब 13,235 करोड़ रुपये के कर्ज को मंजूरी मिली थी। लागत बढ़ने के बाद सरकार की तरफ से मेट्रो-3 के लिए जायका से अतिरिक्त 8 हजार करोड़ रुपये के लोन लेने की अनुमति राज्य सरकार से मिल गई है। कोलाबा से आरे के बीच मेट्रो-3 कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। एमएमआरसी आगामी एक से दो महीने में आरे से बीकेसी और वर्ष के अंत तक पूरे मार्ग पर सेवा शुरू करने की योजना पर काम कर रही है।